हापुड़ पुलिस

प्रेस नोट

थाना - गढमुक्तेश्वर **दिनांक 10-07-2024**

- **थाना गढमुक्तेश्वर पुलिस ने राजस्थान पुलिस के सहयोग से कोरियर द्वारा काजू मंगाने के नाम पर अवैध गांजे की हो रही तस्करी का पर्दाफाश करते हुए करीब 90 किलोग्राम अवैध गांजा किया बरामद।**
- **थाना गढ़मुक्तेश्वर पुलिस द्वारा इस अंतर्राज्यीय गिरोह के 03 सदस्यों को पूर्व में गिरफ्तार किया जा चुका है जिनके कब्जे से कुल 113 किलोग्राम अवैध हुआ था एवं उक्त अंतर्राज्यीय गिरोह से अब तक कुल 203 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद किया जा चुका है।**
- **अभियुक्तगण द्वारा कुछ गांजा उडीसा से कोरियर के माध्यम से काजू के नाम पर मेरठ के लिए मंगाया गया था, परन्तु अभियुक्तों के जेल जाने के पश्चात उनके उडीसा के साथियों से सम्पर्क न होने के कारण उक्त पार्सल मेरठ पहुंचने से पहले ही पार्सल को राजस्थान जनपद कोटपूतली के लिए डायर्वट करा दिया गया था, जिसको गढमुक्तेश्वर पुलिस द्वारा तत्परता से ट्रेस कर थाना नीमराणा जनपद कोटपूतली बहरोड (राजस्थान) पुलिस के सहयोग से कल दिनांक 09.07.2024 को बरामद किया गया है।**
- **उक्त गिरोह की जड़े विभिन्न राज्यों उड़ीसा, उत्तर प्रदेश, राजस्थान व हरियाणा आदि में थी एवं इन राज्यों में बड़े स्तर पर अवैध गांजे की तस्करी कर आर्थिक लाथ कमाते थे।**

कार्यवाहीः-

हापुड़ पुलिस द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अवैध मादक पदार्थ तस्करों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना गढमुक्तेश्वर पुलिस टीम द्वारा राजस्थान पुलिस के सहयोग से कोरियर द्वारा काजू मंगाने के नाम पर अवैध गांजे की हो रही तस्करी का पर्दाफाश करते हुए करीब 90 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद किया गया है एवं अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

पूर्व में गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम व पताः-

1. बोबी पुत्र सुखपाल निवासी ग्राम मौहम्मदपुर थाना दौराला जनपद मेरठ।
2. अनुज उर्फ भोला पुत्र रविन्द्र सिंह निवासी ग्राम दतियांना थाना छपार जनपद मुजफ्फरनगर।
3. सुनील कुमार पुत्र जयपाल निवासी ग्राम पुठी थाना किला परीक्षितगढ जनपद मेरठ।

बरामदगी का विवरणः-

करीब 90 किलोग्राम अवैध गांजा।

बरामदगी करने वाली पुलिस टीमः-

1.उ0नि0 रविकान्त गिरि थाना गढमुक्तेश्वर जनपद हापुड।

2. उ0नि0 इन्द्रकान्त यादव थाना गढमुक्तेश्वर जनपद हापुड।

3. उ0नि0 लोकेन्द्र सिंह थाना गढमुक्तेश्वर जनपद हापुड।

4. उ0नि0 सुरेश कुमार थाना गढमुक्तेष्वर जनपद हापुड।

5. है0का0 307 कंचन सिंह थाना गढमुक्तेश्वर जनपद हापुड।

6. है0का0 707 विनोद कुमार थाना गढमुक्तेश्वर जनपद हापुड।

7. है0का0 162 संजय सिंह थाना गढमुक्तेश्वर जनपद हापुड।

8. है0का0 297 रवि सिंह थाना गढमुक्तेश्वर जनपद हापुड।

9. का0 213 अक्षय कुमार थाना गढमुक्तेश्वर जनपद हापुड।